संख्या–cm-93
21/02/2021

मुख्यमंत्री ने की पत्रकारों से बातचीत

पटना 21 फरवरी 2021 :– मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि नीति आयोग की पहले की बैठकों में कई चीजों की चर्चा हमलोग करते रहे हैं। 20.02.2021 को नीति आयोग की बैठक हुई थी। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि सभी राज्य के अधिकारियों के साथ पहले ही नीति आयोग के अधिकारियों ने बैठक कर 6 बिन्दुओं पर चर्चा निर्धारित की थी। बैठक में सकारात्मक बातें हुयीं। हमारे अधिकारियों को जितनी बात कहनी थी, उन्होंने बताई और डिटेल में सभी चीजों पर हमलोगों ने लिखित रूप से भी अपना विचार भेज दिया है। कुछ बातों की चर्चा हमने भी बैठक में की है। बिहार में जो भी काम किये जा रहे हैं उसके बारे में हमलोगों ने जानकारी दी। केन्द्र की जो हर घर बिजली पहुंचाने की योजना है, हमलोगों ने पहले ही हर घर तक बिजली पहुंचा दी है। हर घर नल का जल की योजना पर केन्द्र सरकार काम कर रही है इस पर हमलोग पहले से ही काम कर रहे हैं। इन सब चीजों के बारे में केन्द्र को जानकारी है। बिजली के मामले में हमने सवाल उठाया और कई अन्य चीजों के बारे में भी ध्यान देने की बात कही। बिजली का रेट अगर पूरे देश में एक हो तो ये सबसे अच्छी बात होगी। हमलोगों को ज्यादा पैसा लगता है। इन सब चीजों के बारे में भी हमने कल बातचीत की है।

मुख्यमंत्री ने जहरीली शराब से हुयी मौत से संबंधित सवाल पर कहा कि कुछ आदमी बाएं दाएं करने वाला होता ही है लेकिन अधिकांश लोग शराबबंदी के पक्ष में हैं। शराब बुरी चीज है, इसके अलावा किसी अन्य नशीली पदार्थ का सेवन भी बुरा है। अन्य राज्यों में भी ऐसे मामले हो रहे हैं। हमलोगों ने शराब के अवैध धंधे पर रोक लगायी है, इसके बाद भी निजी तौर पर कुछ लोग गड़बड़ी करने में लगे रहते हैं। लोगों को समझना चाहिये कि एक तो शराब पीना ही नुकसानदेह है। दूसरी बात है कि गड़बड़ी करने के कारण ऐसी घटनायें होती हैं, जिसका नतीजा बुरा होता है। उन्होंने कहा कि मद्य निषेध विभाग और पुलिस अलर्ट है और इस विषय पर नियमित तौर पर उनलोगों की रिपोर्ट भी आती है, जिस पर हम चर्चा करते हैं। कोई अधिकारी अगर शराब पीता है तो कार्रवाई तो होगी ही, साथ ही उसको हमलोग डिसमिस भी करेंगे। सब लोगों ने वचन दिया है, संकल्प भी लिया है। बापू ने भी कहा है, साथ ही दुनिया भर में भी जो रिसर्च हुये हैं उससे पता चला है कि शराब पीना बहुत बुरी चीज है। बाहर से शराब लेकर आने वाले पकड़े जाते हैं साथ ही यह भी पता किया जाता है कि शराब के अवैध कारोबार के मास्टरमाइंड कौन और कहाॅ से यह व्यापार संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आप सब लोगों से आग्रह करेंगे कि लोगों को बताइये, इसमें मेरा कोई स्वार्थ नहीं है, ये लोगों की इच्छा है, महिलाओं की इच्छा है, जिसके आधार पर शराबबंदी लागू की गयी। बापू की भावना को हमलोगों ने साकार करने की कोशिश की है। इसमें आप सबों का सहयोग चाहिये। जब 2017 में शराबबंदी के पक्ष में हमलोगों ने मानव श्रृंखला बनाई थी तो गांधी मैदान में पत्रकार बंधुओं ने भी शपथ ली थी, इसे भूलियेगा नहीं।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के संबंध में कहा कि कुछ लोग इसका दुरुपयोग करते हैं। सोशल मीडिया नाम है लेकिन एंटी सोशल काम करते हैं इसलिये सोशल मीडिया का प्रयोग

सकारात्मक रूप से करना चाहिये। सोशल मीडिया के माध्यम से कुछ लोग बिना मतलब की बातें करते हैं। जिनको कोई अनुभव नहीं है और काम में भी कोई दिलचस्पी नहीं है, बैठे–बैठे कुछ–कुछ लिखते रहते हैं, ये अच्छी बात नहीं है। अगर कोई चीज की जानकारी मिलती है कुछ समझते हैं, उस पर कुछ विचार रखते हैं तो ये अलग बात है। हमने सब लोगों को कहा है कि आप भी सकारात्मक बातें नई पीढ़ी को बतायें। नई पीढ़ी के लोगों को सकारात्मक चीजों की भी जानकारी होनी चाहिये। इसके लिये हम कह रहे हैं कि सोशल मीडिया का सदुपयोग कीजिये।

******